APP-A
Crim-I

FORM No. III
फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत ......उपखण्ड अधिकारी...... मुकाम ......कोटा......

......बाबूलाल...... बनाम ......सरकार......

किस्म मुकदमा ......136...... नं. ......[illegible]...... सन् ......2026......

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो किस हुक्म की तामील में जारी हुए
02/01/26	ग्राम सेवा शिविर 2025 के तहत आयोजित कैम्प स्थान ग्राम पंचायत काल्याखेड़ी में प्रार्थी बाबूलाल की ओर से प्रार्थना पत्र राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 136 के तहत पेश कर निवेदन किया है कि ग्राम डोबडा पटवार हल्का डोबड़ा में स्थित भूमि खाता संख्या 21 में प्रार्थी का नाम रमेशचन्द पुत्र घांसीलाल दर्ज है। जबकि आधार कार्ड में बाबूलाल पुत्र घांसीलाल दर्ज है। अतः राजस्व रिकॉर्ड में नाम सही दर्ज किये जाने की कृपा करे। प्रार्थना पत्र के संबंध में तहसीलदार लाडपुरा से जॉच रिपोर्ट प्राप्त की गई। रिपोर्ट में तहसीलदार लाडपुरा द्वारा रमेशचन्द पुत्र घांसीलाल का राजस्व रिकॉर्ड में नाम रमेशचन्द उर्फ बाबूलाल पुत्र घांसीलाल किये जाने की अनुशंषा की है। अतः प्रार्थना पत्र स्वीकार कर ग्राम डोबड़ा की जमाबंदी खाता संख्या 21 में रमेशचन्द पुत्र घांसीलाल के स्थान पर रमेशचन्द उर्फ बाबूलाल पुत्र घांसीलाल दर्ज किये जाने के आदेश दिये जाते है। उक्त निर्णय आज दिनांक ......02/01/26...... को मेरे द्वारा लिखा जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर दाखिल दफतर हो। (गजेन्द्र सिंह) उपखण्ड अधिकारी कोटा	